## संक्षिप्त

### राहोली में शुरू हुआ आत्मरक्षा शिविर

**निवाई।** ग्राम पंचायत राहोली में पंचायत स्तरीय रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने कहा कि आत्म रक्षा प्रशिक्षण बालिकाओं के जीवन कौशल का महत्वपूर्ण घटक है। आत्मरक्षा के गुर सभी बालिकाओं को आने चाहिए। आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रभारी पिंकी मीना ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण में छात्राओं को नियमित वार्मअप के व्यायाम अभ्यास के साथ-साथ आत्मरक्षा की तकनीक पंच, किक, अपर, मिडिल व लोअर रूपों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छात्राओं के अलग अलग ग्रुप बनाकर उनका नियमित अभ्यास करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय की 50 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक लक्ष्मण सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

### देवनारायण मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**निवाई।** गांव दादिया में मंगलवार को अराध्यदेव भगवान देवनारायण की रजत मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर विद्वान पण्डितों के सानिध्य में यजमानों ने मंत्रोचारण के साथ हवन कुण्ड में आहुतियां दी। इस दौरान गणेश पूजन, यज्ञ पूजन, भूमि व वेदी पूजन एवं जलशाभिषेक सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिससे आस-पास का वातावरण भगवान देवनारायण जी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण की रजत मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंत्रोचारण के साथ हवनकुण्डों में आहुतियां दी।

### तुलसी व सालक राम जी का विवाह हुआ

**गोविंदगढ़ /अलवर ।** गोविंदगढ़ कस्बे में आज सीताराम मंदिर पर दिन मंगलवार को 12 नवंबर 2024 को देवउठनी गयारस के पावन पर्व पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए कस्बे के प्रमुख व्यक्ति मौजूद रहे तुलसी एवं सालक राम जी का विवाह का आयोजन किया गया जिसमें सालक राम जी की बैंड बाजे के साथ के बारात निकली जिसमें में बुजुर्ग बच्चों महिला बड़ी संख्या में मौजूद थे बैंड बाजे की धुन पर महिला बच्चे बुजुर्ग नाचते हुए दिखे और बारात का पूरा आनंद लिया सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बारात का आनंद लिया सीताराम से शुरू की गई मुख्य बाजारों में होकर निकल गई और तुलसी विवाह संपन्न हुआ इस मौके पर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हिंदुओं के विवाह शुरू हो जाते हैं गौ धूडिया विवाह होते हैं यह जानकारी मंदिर के महंत रामबाबू शर्मा द्वारा दी गई।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में टोंक के भामाशाहो का सम्मान

**टोंक।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मलेन मंगलवार देवउठनी एकादशी को आयोजित हुआ। जिला मिडिया प्रभारी कृष्ण कुमार जांगिड़, पीपलू ने बताया कि निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सवाईमाधोपुर में बड़ी धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर टोंक विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष व पीपलू तहसील अध्यक्ष एडवोकेट हनुमान प्रसाद जांगिड, उपाध्यक्ष गौरीशंकर जांगिड, मालपुरा युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड़ लावा,केदारनारायण, कृष्ण कुमार जांगिड, गोपाल जांगिड सहित टोंक जिले के भामाशाहों का समेल समिती ने माला, भगवान श्री राम की फोटो व साफा पहनाकर कर स्वागत किया।

### वामन दीपावली मनाई

**मनोहरपुर।** देव उठनी एकादशी पर कस्बे में वामन दीपावली मनाई गई वही अबूझ सावा होने पर जगह जगह पर शादियों की धूम मची हुई थी इसी के साथ मे कई अरमानो की डोलियां उठी! बारातियो ने बाराती वाली मस्ती ली! घोड़ी व बाजा देरी से पहुचने पर तू तू में में होती दिखाई दी! कस्बे के वामन देव मोहल्ले में स्थित वामन देव महाराज के मंदिर का प्रदेश के इतिहास में अहम स्थान है मुगल काल में बना यह मंदिर अत्यंत विशाल है जो राजस्थान का एकमात्र वामन देव जी का मंदिर है इसका निर्माण नगर शैली में हुआ था हर साल इस मंदिर में देवउठनी ग्यारस को वामन दीपावली मनाई जाती है इस बार मंगलवार को देवउठनी ग्यारस पर यहां विशेष आयोजन होते है इस दौरान घरों और मंदिरों में दीपक जलाए गए ।

# राइजिंग समिट से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करें : कलेक्टर

- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में बीड़ा सभागार भिवाड़ी में राजस्थान सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सुरजीत सिंह खैरिया जीएमडीआईसी, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक रीको यूनिट प्रथम ज्ञानेंद्र शर्मा तथा रीको यूनिट आदित्य शर्मा सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं निवेशक मौजूद रहे।

जीएमडीआईसी सुरजीत सिंह खैरिया ने बताया कि नई राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 के अंतर्गत उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न नई सुविधाओं एवं योजनाओं को जोड़ा गया। कार्यशाला के दौरान उन्होंने पीपीटी के माध्यम से नई रीप्स नीति की विभिन्न योजनाओं एवं लाभों के बारे में उपस्थित औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं इन्वेस्टर्स को बताया ताकि वह सभी योजनाओं का लाभ उठा सके। इस दौरान विभिन्न औद्योगिक संघ के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव भी रखे जिस पर जिला कलेक्टर ने उन सुझावों को राज्य स्तर पर भेजने के निर्देश दिए तथा अधिकारियों को राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट से संबंधित सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। कार्यशाला में सुरजीत सिंह खोरिया (महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र भिवाड़ी ने बताया कि जिले में निवेश को लेकर अब तक जिले में 171 एमओयू के तहत कुल 10 हजार 25 करोड़ रु. के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है।

भिवाड़ी में कार्यशाला को संबोधित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार व उपस्थित अधिकारी, उद्योगपति एवं निवेशक।

## 72 दिव्यांगजनों का पंजीकरण

**किशनगढ़ बास।** समाज कल्याण विभाग की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग जनों के लिए लगाए गए शिविर के दूसरे दिन 72 दिव्यांग जनों का निशुल्क उपकरण प्रदान किए जाने के लिए पंजीकरण किया गया

समाज कल्याण विभाग अधिकारी ने बताया जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा संचालित जिला नवाचार सशक्त खैरथल-तिजारा के तृतीय चरण में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों के वितरण हेतू दिव्यांग जन सहायक उपकरण वितरण चिन्हीकरण कैंप लगाया गया समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सह परीक्षण शिविर के दौरान 80 या उससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले पात्र विषेश योग्य जनों को शिविर में 14 विषेश योग्य जनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 20 को बैसाखी, 22 को ट्राइसाइकिल, 6 को वॉकिंग स्टिक, 10 को व्हील चेयर, एक कमोड व्हील चेयर के लिए चिन्हीकरण किया गया है ।

# राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज का किया स्वागत

**निवाई।** सिंधी समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज का निवाई आगमन पर बायपास पर स्वागत किया गया। इस दौरान महाराज का जुलूस गाडियों के काफिले के साथ झिलाय रोड होते हुए सिंधी कॉलोनी में पहुंचा। महराज को बैंड बाजों एवं भांगडा ढोल के साथ नाचते गाते श्रद्धालु जुलूस के साथ झूलेलाल मंदिर लेकर आए। हेमनदास फूलवानी ने बताया कि झुलेलाल मंदिर पहुंचने पर राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज का सिंधी समाज के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी के नेतृत्व में सैंकडों लोगों ने भव्य स्वागत किया। महाराज ने भगवान झुलेलाल के दरबार में मात्था टेककर मन्नत मांगी। सिंधी धर्मशाला में नवनिर्मित 5 कमरों का संत भगतप्रकाश महाराज ने फीता काटकर लोकार्पण किया। राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। तत्पश्चात नरेंद्र कुमार डासवाणी व दिलीप डासवाणी ने राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज सहित सभी संतों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान अजय, रजत, राहुल, भव्य, वीर, भावना, ऋषिता, पुरखा, पूजा, हितिक्षा, प्रतीक, हर्ष, नानकी, हेमा, रेणु, दिलीप, चन्द्रप्रकाश, झामनदास, महेंद्र व त्रिलोक सहित कोटा, भीलवाडा, जयपुर, जोधपुर, सवाईमाधोपुर, टोंक, मालपुरा व चाकसू सहित कई शहरों के श्रद्धालु मौजूद थे।

सिंधी धर्मशाला में नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण करते हुए राष्ट्रीय संत भगतप्रकाश महाराज।

## चुनावी मैदान में खड़े सभी प्रत्याशीयों ने वोट देने के लिए अपील की

**देवली।** यहां देवली विधानसभा के उपचुनाव का प्रचार प्रसार थमने के बाद से ही चुनावी मैदान में खड़े सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने-अपने अंदाज में हाथ जोड़कर वोट मांगने के लिए अपील करते दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम मे मंगलवार को शाम 8:30 बजे को देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिनेश प्रजापत ने अपने चुनाव चिन्ह मटकी को गले में पहनकर अपने समर्थकों के साथ नंगे पांव गली-गली घरों में पहुंचकर अपने चुनाव चिन्ह मटकी के निशान पर वोट डालने की अपील कर रहे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश प्रजापत के इस अनूठे अंदाज से लोगों का मनोरंजन होता चला आ रहा है इसलिए की । दिनेश प्रजापत कभी तो हाथ फैला कर तो कभी झोली फैला कर भिखारी के समान तो कभी गले में मटकी मटकी पहनकर अपने पक्ष में लोगों से वोट मांगने के अनूठे अंदाज मे यहां मशहूर होते चले जा रहे हैं। यहां लोगों द्वारा बताया जाता है कि अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भी दिनेश प्रजापत ने जहाजपुर कोटडी विधानसभा चुनाव से भी चुनाव लड़ा था। उक्त दौरान विधानसभा चुनाव में जहाजपुर कोटडी विधानसभा क्षेत्र से दिनेश प्रजापत को लगभग 2000 मत प्राप्त हुए थे। अब यहां देखने वाली और समझने वाली बात तो यह है कि । गहलोत सरकार के राज्य मंत्री धीरज गुर्जर कांग्रेस प्रत्याशी जहाजपुर कोटडी विधानसभा चुनाव में लगभग 350 मतों से हार गए थे यहां से भाजपा विधायक गोपीचंद मीणा को दोबारा अजीत प्राप्त हुई थी। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश प्रजापत फिर से देवली उनियारा विधानसभा के उपचुनाव में जिस अंदाज और अनूठे तरीकों से लोगों के बीच घर-घर पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। तो फिर कहीं ना कहीं किसी के भाग्य पर कुंडली मारकर नहीं बैठ जाएं इसलिए की जहां भी दिनेश प्रजापत इस अंदाज में पहुंचते हैं।

# चिकित्सा संस्थानों पर शक्ति दिवस का आयोजन

**कोटपूतली।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को अनीमिया मुक्त भारत की संकल्प यात्रा को साकार करने हेतु चिकित्सा संस्थानों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि शक्ति दिवस का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया जाता है। जिसमें 06 माह से 05 वर्ष के बच्चे, 05 से 09 वर्ष के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के व्यस्क, गर्भवती महिला एवं धात्री माताओं की अनीमिया की जांच कर उपचार किया जाता है और उनका निरन्तर फॉलोअप किया जाता है।

**माँ वाउचर योजना:-** ब्लॉक कोटपूतली में प्रतिमाह की 09, 18, 27 तारीख को प्रत्येक चिकित्सा संस्थान पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने बताया कि योजना के अन्तर्गत चिकित्सा संस्थाओं पर एएनसी जांच कराने आने वाली गर्भवती महिलाओं में से जो महिलायें द्वितीय या तृतीय तिमाही में चल रही है उनकी कम से कम एक सोनोग्राफी जांच मान्यता प्राप्त निजी सोनोग्राफी केन्द्र पर निरूशुल्क करवाई जाती है, ताकि गर्भावस्था में होने वाली संभावित जटिलताओं को समय पूर्व पता लगाकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकें। राजीव गाँधी मोबाईल यूनिट - ब्लॉक कोटपूतली में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में राजीव गाँधी मोबाईल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य दूर-दराज गांव में जहां मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहाँ कैम्प लगाकर चिकित्सकीय टीम आवश्यक जीवन रक्षक औषधि के साथ आमजन को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाने का काम किया जा रहा है एवं गर्भवती महिलाओं की भी जांच की जा रही है। टी.बी. मरीजों को प्रतिमाह दी जायेगी एक हजार रूपये प्रोत्साहन राशि - निक्षय पोषण योजना के तहत टी.बी. मरीजों को 01 नवम्बर से प्रतिमाह एक हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। ताकि मरीज संतुलित आहार प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थो का सेवन कर सकें। ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों को 2025 तक टी.बी. मुक्त किया जा सकें।

उपचार करते चिकित्सक।

## न्यायिक प्रक्रिया में उलझी जल जीवन मिशन योजना के साकार होने का इंतजार

**सांभरझील।** प्रदेश सरकार जनता की भलाई के लिए अनेक योजनाओं को प्रारंभ कर लोगों तक जुड़ना चाहती है लेकिन धरातल पर काम करने वाला विभाग ही अगर ढीला हो तो फिर मंशा पर सवाल उठना लाजिमी है। हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के मकसद से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना आज भी पूरी तरह से गांव में साकार नहीं हो पाई है, जिसके कारण ग्रामीणों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई जगह पर जलाशय अधूरी स्थिति में खड़े है और जहां टंकियां बनकर तैयार हो गई हैं, वहां पंप नहीं लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसा ही नज़ारा गुढ़ासाल्ट और जाबदीनगर की टंकीयों का है।

इसी वर्ष यह योजना पूरी होनी थी लेकिन आज तक क्रियान्विति नहीं हो सकी है। यहां पर जल जीवन मिशन का हाल बेहाल है। कई ग्राम पंचायतों में समय-सीमा में कार्य ही पूरे नहीं होना बताया जा रहा हैं। जिस योजना को साकार करने में सरकार का लाखों रुपए खर्च होना बताया जा रहा है वह महज प्रशासनिक लापरवाही की चलते पूरा नहीं होना माना जा रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में टंकी का निर्माण कर हर घर में पाइपलाइन से नहर का शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना 2020-21 में शुरू हुई। दो साल तक योजना पूरा करने में सुस्ती बरती गई और देखते ही देखते टेंडर व विभिन्न प्रक्रिया में आधा समय निकल गया। काम समय पर पूरा होने को लेकर संशय इसलिए भी है क्योंकि एक ठेकेदार के पास कई ग्राम पंचायतों का ठेका होना बताया जा रहा है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में पाइपलाइने बिछाई गई है, लेकिन कहीं टंकी का निर्माण तो कहीं कनेक्शन नहीं हो सका है। इस वजह से केंद्र सरकार की योजना अधर में लटकती नजर आ रही है।

संवेदक ने बताया कि समय पर भुगतान व काम करने वाले श्रमिक नहीं मिलने के कारण अधिकांश काम नहीं हो सका। नावा तहसील में निर्माणाधीन जलाशय का निर्माण न्यायालय में विचाराधीन बताया जा रहा है।

जेजेएम योजना के सहायक अभियंता बच्चू सिंह फौजदार बताते हैं कि यह सच है कि जलाशयों का मामला कोर्ट में है। अगस्त में बंद हो गया था। 24 टंकियो का प्रोजेक्ट है। एक साथ ही बंद हो गया था। लेकिन टेंडर व फाइनल मेजरमेंट की कारवाई चल रही है। वर्क आर्डर होने के बाद दूसरी फर्म से जल्द कार्य शुरू करवांएगे।

# रामगढ़ क्षेत्र के 2 लाख 74 हजार 445 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के दिए निर्देश
- मतदाता 13 नवम्बर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक कर सकेंगे मतदान

**अलवर, ।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्धारित कार्यक्रमानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रामगढ के लिए 13 नवम्बर 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। इस हेतु 284 मतदान दल स्थल बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर से अंतिम/तृतीय प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण का जायजा लेकर मतदान हेतु नियोजित कार्मिको कों निर्देशित कर कहा कि रामगढ विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की कडाई से पालना करावे। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त सम्पन्न कराने हेतु सैक्ट्रर मजिस्ट्रेट, पुलिस कार्मिकों सहित जिला प्रशासन के कार्मिकों की पुख्ता व्यवस्था की गई अतः चुनाव को प्रभावित करने से संबंधित कोई भी सूचना मिलने पर तुरन्त सूचना देवे। 2 लाख 74 हजार 445 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग उन्होंने बताया कि रामगढ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2 लाख 74 हजार 445 मतदाता हैं जिनमें से 1 लाख 45 हजार 40 पुरूष मतदाता एवं 1 लाख 29 हजार 405 महिला मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। रामगढ विधानसभा क्षेत्र में 18 से 19 आयु वर्ग के 4 हजार 733 मतदाता, 80 से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक 3 हजार 282 मतदाता, सर्विस मतदाता 625 तथा 3 हजार 665 दिव्यांग मतदाता है।

जिला प्रशासन की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद उन्होंने बताया कि रामगढ विधानसभा उप चुनाव के मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन ने सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित कर ली है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण का जायजा लिया।

## आधार कार्ड बनवाने उमड़ रहे लोग

**पावटा।** कस्बे के उप डाकघर पर आधार कार्ड बनवाने के लिए मारामारी मची है। लाइन में लगे महिला व पुरुषों का घंटो लाइन में लगने के बाद भी नंबर नहीं आ रहा है। पावटा कस्बे के मुय सर्विस रोड स्थित डाकघर पर आधार कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। आधार कार्ड में संशोधन व नये आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों की भारी भीड है। आधार कार्ड बनवाने वाले लोगों ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश से लेकर, विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं का अपार आईडी कार्ड बनाया जायेगा। यह आईडी 12 अंकों की होगी।

एक देश एक स्टूडेंट आईडी के तहत हर छात्रों का एक यूनिक नंबर अपार आईडी कार्ड में होगा। अपार कार्ड को आधार से लिंक किया जायेगा जिसे लेकर व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड जरूरी है। जिन बच्चों की उम्र पांच साल से अधिक हो गई हैइसके अलावा इस समय राशन कार्ड के लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य भी चल रहा है। आधार में त्रुटि सही कराने वाले व बॉयोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए व बैंक में खाते के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता पड रही है।

## सार-समाचार

### विधायक ने वर व वधु को आशीर्वाद दिया

**मनोहरपुर।** देवउठनी एकादशी के अवसर पर मांगलिक कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हो गए हैं। वही शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में अनेक सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में शाहपुरा कांग्रेस विधायक मनीष यादव भी पहुंच कर वर और वधु को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं और उनके जीवन में सुख शांति की कामना भी कर रहे हैं। साथ ही आयोजनकर्ता और सम्मेलन समिति के अध्यक्षों का इस पुनीत कार्य करने पर उन्हें धन्यवाद भी दिया। शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति व श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण विकास समिति द्वारा आयोजित त्रिवेणी धाम स्थित कार्यक्रम सहित अनेक सम्मेलनों में शिरकत किया। कांग्रेस विधायक मनीष यादव का विभिन्न सम्मेलनों में समितियां के द्वारा उनका स्वागत किया गया और उनको धन्यवाद दिया कि आप हमारे इस वैवाहिक सम्मेलन में पधारकर वर और वधु को आशीर्वाद प्रदान किया है। काफी संख्या में समितियां के अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य और नव दंपतियों के परिजन भी उपस्थित रहे।

### पार्षदों ने उपखंड अधिकारी से की मुलाकात

**मनोहरपुर।** पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत के खिलाफ धरने देने की अनुमति को लेकर नगर पालिका के पार्षदों ने संपूर्णानंद शर्मा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी शाहपुरा सजीव खेदड़ से बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अवगत करवाया कि ग्राम पंचायत की तत्कालीन सरपंच सुनीता प्रजापत द्वारा विभागीय आदेशों के विरुद्ध स्वत ही नवगठित नगर पालिका का चार्ज लेने एवं पद के दुरुपयोग भरी वित्तीय अनियमितताओं में दोषी होने के उपरांत भी निलंबन नहीं करने के कारण संपूर्णानंद शर्मा के द्वारा गांधी चौक बाजार में धरना देने के अनुमति के लिए उपखंड अधिकारी से प्राथना पत्र पेश किया गया था जिसपर अनुमति नहीं मिलने के कारण वार्ड पार्षद व समाजसेवी संपूर्ण आनंद शर्मा द्वारा जिलाधीश को पत्र पेश करके अवगत करवाया कि उपखंड अधिकारी द्वारा धरने की अनुमति नहीं देकर हमारे मौलिक अधिकारों को हनन किया जा रहा है जिस पर जिला मजिस्ट्रेट दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण एवं शाहपुरा उपखंड अधिकारी को जांच के आदेश जारी किए जिस पर शाहपुरा वृताधिकारी वृत जयपुर ग्रामीण द्वारा जांच रिपोर्ट प्रेषित की।

### मांगलिक कार्यक्रमों का श्रीगणेश

**निवाई ।** देवउठनी एकादशी पर लोगों ने घरों के दरवाजों के बाहर घी के दीपक जलाकर देव दीपावली मनाई। महिलाओं ने परम्परागत तरीके से देवों को उठाने की रस्म निभाई। इस दौरान देवी-देवों के जगाने के लिए महिलाओं ने घर के बाहर लिपना कर माण्डणे माण्डे। उसके बाद घी का दीपक जलाया और उठो देव, बैठो देव- फाटकडी फटकारो देव गाकर देवताओं को जगाया। महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर देवताओं के भोग भी लगाया। लोगों ने घर घर में अपने इष्ट देवो की पूजा अर्चना की तथा गोवर्धन पूजा के स्थान पर चौका लगाकर एवं घी का दीपक जलाकर सभी मांगलिक कार्यो के निर्विघ्न सम्पन्न होने की मनोकामना की गई। वहीं मंदिरों में दीपावली की भांती भव्य रोशनी कर एवं रंगोलियां सजा कर अनेक धार्मिक अनुष्ठानो का आयोजन किया। ग्रामीण क्षेत्र में भी देव उठनी एकादशी को छोटी दीपावली के रूप में धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया। इस दौरान बच्चों ने व युवाओं ने पटाखे चलाकर आतिशबाजी का आनन्द लिया। देव उठने के साथ ही चार माह से बंद पडे मांगलिक कार्यो की भी शुरूआत हो गई। देवउठनी एकादशी पर शादी विवाह की शहनाईयां गूंज उठी। शादी समारोह को लेकर सभी मैरिज गार्डन, होटले, रिसोर्ट व धर्मशालाएं रोशनी से जगमगा गई। चारों और शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए मेहमानों के चलते शहर में काफी चहल-पहल रही। शहर में स्थित सजावट की दुकानों पर दुल्हों के लिए गाडियां सजती दिखाई दी। गाडी सजाने वाले कलाकार सुबह से ही गाडियों को सजाने में लगे रहे। शाम को बारातों की गुजरती निकासी के चलते सडक़ मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। बारातों के आगे निकासी में शामिल बाराती महिला-पुरूष शादी के गानों पर झूमते हुए चल रहे थे।

### गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना शुरू

**कोटपूतली।** राज्य सरकार ने गौवंश के गोबर से जैविक खाद बनाने और उसका इस्तेमाल करने वाले किसानों के लिये गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना शुरू कर दी है। इसके तहत किसानों को खेतों में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट लगाने पर लागत का 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम दस हजार रुपये अनुदान देगी। जिले के 300 किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट लगाने होंगे। इस योजना से रासायनिक खेती से बढ़ रहे दुष्प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। वहीं मिट्टी का उपजाऊपन भी बढ़ेगा। इस योजना का फायदा उठाने के लिए राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन शुरू होंगे। पात्र किसान ई-मित्र के जरिये आवेदन कर अधिकतम दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकेगें। इस संबंध में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) महेंद्र जैन ने कहा कि जिले की सभी 06 पंचायत समितियों में कुल 300 किसानों को इस योजना से जोडने का लक्ष्य है। प्रत्येक पंचायत समिति में 50 किसान लाभान्वित होंगे। योजना को लेकर ऑनलाईन आवेदन शुरू हो गये हैं। गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देना और किसानों को उनके पशुओं के कचरे से जैविक खाद उत्पादन के लिये प्रेरित करना है। राज्य सरकार अब उन किसानों को वित्तीय सहायता देगी जो अपने पशुओं के कचरे से जैविक खाद उत्पादन करना चाहते हैं। योजना के तहत प्रत्येक पंचायत समिति से 50 किसानों का चयन वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये किया जायेगा। इसके लिये प्रत्येक किसान को अपने खेत में 20 फीट लम्बी, 03 फीट चौड़ी व 2.5 फीट गहरी यूनिट बनानी होगी। इनमें से सामान्य श्रेणी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के किसानों का चयन किया जायेगा। इसके लिये जिले में 30 लाख का बजट निर्धारित रहेगा।

### जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को बौंली उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोड़ियाई, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोतोड, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांस- टोरडा एवं मार्ग में पडने वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा की शिक्षण गुणवंता व मिड डे मील एवं मनरेगा कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सभी शिक्षकों का आ ान किया की बच्चों की शिक्षण व्यवस्था आधुनिक तरीके से संपादित करने के लिए ब्लैकबोर्ड, चोकल अप्रैटस, मॉडलस, ऑडियो, वीडियो, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर आदि का उपयोग करें। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पढ़ने की आदत डालने के लिए पुस्तकालय में अच्छी साहित्यिक, विज्ञान, गणित सहित पंचतंत्र आदि ज्ञानवर्धक व अन्य मनोरंजनात्मक हिंदी, अंग्रेजी पुस्तक एवं समाचार पत्रों से सुजीत करें। जिला कलेक्टर ने इस दौरान मिड डे मील (मध्यान भोजन) की गुणवंताओं को जांचा इस पर विद्यालय रसोई में विद्युत कनेक्शन नहीं पाया गया एवं स्टोर में अनाजों के ड्रमो में मकड़ी के जाले व इंलिया पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्टोर प्रभारी व संस्था प्रधानों को विशेष रूप से गुणवंता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बौंली उपखंड मुख्यालय के दौरे के दौरान ग्राम पंचायत गोतोड में मनरेगा के अंतर्गत पौधारोपण एवं समतलीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर के दौरे के दौरान उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक दिनेश गुप्ता, बौंली एसडीएम चंद्र प्रकाश वर्मा, विकास अधिकारी हेमश्री प्रद्युमन, एमआईएस मैनेजर थानवेंद्र अग्रवाल सहित विद्यालय के शिक्षक व संस्था प्रधान आदि उपस्थित थे।

### फुलेरा जंक्शन पर लगी दो एवीएम खराब

**फुलेरा ।** फुलेरा जंक्शन पर टिकिट बुकिंग के पास यात्रियों की सुविधा के 3 एवीएम मशीने लगी हुई है। जिनका लाभ यात्रियों को पूर्व में तो मिल रहा था। परन्तु अब नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि उक्त मशीनों में से दो मशीन खराब पड़ी है। जानकारी के अनुसार एक मशीन तो करीब पिछले 15 दिन से खराब है। जबकि दूसरी मशीन तीन-चार दिन से खराब हुई है। इसके चलते आम यात्रियों को यात्रा के लिए टिकट लेने के लिए लम्बी-लम्बी लाइनें लगानी पड़ रही है। इसके चलते कई यात्रियों की तो ट्रेन छूट जाने के कारण यात्रा करने से वंचित रह जाते है। इसको लेकर जिम्मेदार भी बेखबर होकर बैठे है। अभी त्यौहारी सीजन एवं देवउठनी एकादशी की वजह से शादी का माहौल है।इस कारण ट्रेनों में यात्री भार ज्यादा है। उपरोक्त समस्याओं पर गौर फरमाते हुए दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने सीनियर डी.सी.एम. के के मीना, एस.स